पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को बृज रत्न आवार्ड–2020 से सम्मानित किया

संस्कृति का संरक्षण और उसका संवर्धन किसी राष्ट्र सेवा से कम नहीं

बृज भूमि राधा कृष्ण के अबाध प्रेम की नगरी

कोरोना का टीका लगवाये तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करें– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 05 अप्रैल, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन उत्तर प्रदेश से आनलाइन कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये इनक्रेडिबल इंडिया फाउण्डेशन द्वारा आगरा के होटल क्लार्क सिराज में आयोजित बृज रत्न आवार्ड–2020 समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को बृज रत्न आवार्ड–2020 से सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बृज भूमि राधा कृष्ण के अबाध प्रेम की नगरी है, जिसने अपने रसोमय चिन्तन से न केवल देश में अपितु विश्व में भक्ति एवं ज्ञान की गंगा से प्रवाहित की है। ऐसी धरती को मैं नमन करती हूं। उन्होंने कहा कि बृज के गीत संगीत एवं लोक परम्परा आज भी समृद्ध हैं। यहां की लट्ठमार होली विश्व प्रसिद्ध है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आगरा का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस नगरी का आध्यात्म, साहित्य, शिल्प एवं ललित कलाओं आदि में विशिष्ट योगदान है, स्थापत्य कला का अद्वितीय स्मारक ताजमहल विश्व प्रसिद्ध है आज यहां पर स्थानीय होटल क्लार्क सिराज द्वारा प्रख्यात विभूतियों को सम्मानित किया जाना बहुत ही सराहनीय है। आप सभी ने बृज संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में समर्पण भाव से कार्य किया है। मेरा मानना है कि किसी भी संस्कृति का संरक्षण और उसका संवर्धन किसी राष्ट्र सेवा से कम नहीं है। मैं बृज रत्न प्राप्त करने वाले सभी विशिष्ट जनों को हार्दिक बधाई देती हूं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने इनक्रेडिबल इंडिया फाउण्डेशन के चेयरमैन पूरन डाबर तथा उनके सहयोगियों का इस पुनीत कार्य के लिये बधाई देते हुये कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण संवर्धन और जनकल्याण के लिये आपकी पहल सराहनीय है।

इस अवसर पर बृज रत्न पुरस्कार 2020 प्राप्त करने वालों में पूज्या दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा, पद्म श्री संत श्री रमेश बाबा जी महाराज, पद्म श्री प्रो0 डा0 ऊषा यादव, श्री विजय सिंह चौहान, श्री रवि टण्डन, डा0 एम0सी0 गुप्ता, श्रीमती रीना सिंह, श्रीमती बरखा कौर, श्रीमती रश्मी शर्मा मिश्रा, श्री रमेश गोयल, श्री राशिद खान, श्री पवन आगरी थे।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महानुभावों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना महामारी का प्रकोप पुनः तेजी से बढ़ रहा है। टीका लगाया जा रहा है। आप सभी कोरोना का टीका लगवाये तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। क्योंकि कोरोना का टीका पूरी तरह सुरक्षित है इसके साथ ही कोविड–19 के बचाव हेतु निर्धारित समस्त नियमों का पालन स्वयं करें तथा दूसरों से भी कोविड नियमों का पालन कराये।

इस अवसर पर इनक्रेडिबल इंडिया फाउण्डेशन के चेयरमैन श्री पूरन डावर, महासचिव श्री अजय शर्मा, संयोजक श्री ब्रजेश शर्मा, अध्यक्ष श्री किशोर खन्ना, सलाहकार समिति के अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर ए0के0 सिंह सहित अन्य सम्मानित महानुभाव उपस्थित थे।

———–

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (192/37)